an>

title: Need to provide better facilities in Seemanchal Express.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया) : उपाध्यक्ष महोदय, यह अति लोक महत्व का सवाल है। आनन्द विहार से जोगबनी को चलने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन है, जिसमें पेंट्री कार नहीं होने की वजह से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चूंकि आनन्द विहार से जोगबनी जाने वाली ट्रेन को 25 से 30 घंटे लगते हैं। ट्रेन में साफ-सफाई बिल्कुल ही नहीं है। उसमें एसी फर्स्ट का एक डिब्बा जुड़ना चाहिए।

महोदय, सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से हम मांग करते हैं कि आनन्द विहार से जोगबनी चलने वाली सीमांचल एक्सप्रेस में पेंट्री कार जोड़ी जाए, उसकी साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। चूंकि सीमांचल से एकमात्र ट्रेन यह चलती है, जो आनन्द विहार को आती है।

महोदय, आपके माध्यम से आग्रह है कि इस ओर पहल की जाए।